an>

title: Regarding newly sanctioned Kendriya Vidyalaya.

श्री हरीश मीना (दौसा) : महोदय, मैं आपको धन्यवाद देना चाहूँगा कि आपने मुझे एक महत्वपूर्ण विषय पर बोलने का मौका दिया। मैं राजस्थान के दौसा लोक सभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करता हूँ। यह राजस्थान का सबसे पिछड़ा हुआ इलाका है। यहाँ की 85 परसेंट आबादी अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और ओबीसी की है।

मैं आपको बताना चाहता हूँ कि इस क्षेत्र का दुर्भाग्य रहा कि यहाँ एक भी सैन्ट्रल स्कूल नहीं था। जयपुर से मात्र 15 किलोमीटर की दूरी पर मेरा क्षेत्र शुरू होता है। मैं सरकार को धन्यवाद देना चाहता हूँ कि मैंने बड़ी मेहनत से प्रयास करके इनसे निवेदन किया तो इन्होंने सैन्ट्रल स्कूल स्वीकृत कर दिया। वह एक प्राइवेट बिल्डिंग में चालू भी हो गया, पर उसकी बिल्डिंग नहीं बन रही है। केन्द्र सरकार ने उसके लिए पैसे भी रिलीज़ कर दिये हैं। केन्द्र सरकार के और राज्य सरकार के अधिकारियों के बीच में पता नहीं क्या झगड़ा है। मैं केन्द्र सरकार के पास आता हूँ तो कहते हैं कि राज्य सरकार के पास जाओ, राज्य सरकार के पास जाता हूँ तो कहते हैं कि केन्द्र का मसला है। पर इन दोनों के झगड़े में उस स्कूल की बिल्डिंग का काम शुरू नहीं हो रहा है। अभी पहली से पाँचवीं तक ही स्कूल संचालित है। अगर बिल्डिंग बन जाए तो मेरे क्षेत्र के गरीब परिवारों के बच्चों को पहली क्लास से बारहवीं क्लास तक पढ़ने की सुविधा मिल जाएगी। अतः मैं आपके माध्यम से आग्रह करना चाहूँगा कि आप केन्द्र सरकार और राज्य सरकार दोनों को निर्देश दें कि इनका जो भी झगड़ा हो, उसको खत्म करें, और हमारा स्कूल जल्दी बनवा दें, आपकी बड़ी मेहरबानी होगी। धन्यवाद।

HON. CHAIRPERSON: Dr. Manoj Rajoria and Kunwar Pushpendra Singh Chandel are allowed to associate with the matter raised by Shri Harish Meena.

Hon. Members, I have a list of 20 more Members who want to raise their matters in the 'Zero Hour'. So, I would request all of you to be brief and conclude within a minute.